Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 160 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 17 दिसंबर 2024

नितिन और श्रीलीला को साथ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### एसएसपी ने दो थानाध्यक्ष समेत चार दरोगाओं का कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने दो थानाध्यक्ष समेत समेत चार दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया। पुलिस कार्यालय से जारी सूची के मुताबिक थानाध्यक्ष नानकमत्ता देवेन्द्र गौरव को झनकईयां थाने की जिम्मेदारी दी है। झनकईयां के थानाध्यक्ष अनिल जोशी को एसएसआई काशीपुर के पद पर भेजा गया। जब कि नानकमत्ता थाने की जिम्मेदारी एसएसआई किच्छा उमेश कुमार को दी है। काशीपुर कोतवाली एसएसआई सतीश चन्द्र शर्मा को एसएसआई किच्छा कोतवाली भेजा गया।

### स्वामी विवेकानंद सनातन जनजागरण यात्रा 29 को

**हल्द्वानी।** स्वामी विवेकानंद ने 1900-01 में उत्तराखंड के नैनीताल जिले के काठगोदाम रेलवे स्टेशन से मायावती आश्रम तक यात्रा की थी। इस वर्ष 125 साल पूर्ण होने पर स्वामी विवेकानंद स्मृति पदयात्रा समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद सनातन जनजागरण यात्रा 29 दिसंबर को निकाली जायेगी। समिति के अभियान संयोजक योगाचार्य विपिन जोशी ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सनातन धर्म के जन जागरण, देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति, संस्कारों और रीति-रिवाजों के संरक्षण संवर्धन और नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के शुभ संकल्प के साथ यात्रा 29 दिसम्बर को काठगोदाम रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ होगी और धारी, पहाड़पानी, मोरनोला, धुनाघाट होते हुये मायावती आश्रम पहुंचेगी।

### विजय दिवस पर बलिदानी सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित

**देहरादून।** नगर पालिका मुनिकीरेती-ढालवाला की ओर से निकाय के पार्क में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बलिदानी सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सोमवार को विजय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम के गान से किया गया। कारगिल बलिदानी दिनेश चंद्र कुमाई, चंद्रवीर सिंह रावत, चंद्र प्रकाश पैन्यूली व जम्मू कश्मीर में बलिदान हुए नरेंद्र गोदियाल के परिजनों को विशिष्ट अतिथि स्वामीनारायण के प्रबंधक सुनील भगत ने सम्मानित किया।

# ओबीसी आरक्षण ने बदले हालात, मेयर पद के लिए दमदार चेहरा नहीं

सलीम खान, हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी नगर निगम में ओबीसी के लिए मेयर पद आरक्षित होने के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां चुनावी रणनीतियों को लेकर संजीदा हो गई हैं। जहां भाजपा के पास मेयर पद पर चुनाव लड़ने के लिए कई चेहरे हैं, वहीं कांग्रेस के पास ऐसा कोई मजबूत उम्मीदवार नजर नहीं आता जो भाजपा को टक्कर दे सके। भाजपा के पास मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने के कई चेहरे मौजूद हैं, लेकिन कोई भी ऐसा दमदार नाम सामने नहीं आया है जो चुनावी नैया को पार लगा सके।



भाजपा ने पिछले दो चुनावों में हल्द्वानी नगर निगम पर कब्जा जमाया था। निवर्तमान मेयर डा. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने दोनों बार मजबूती से जीत दर्ज की थी। डा. रौतेला को मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र से भी अच्छा समर्थन मिला था, जिससे भाजपा को उम्मीदें थीं। हालांकि, रौतेला अब तीसरी बार चुनावी मैदान में नहीं उतर सकते क्योंकि ओबीसी आरक्षण के बाद यह सीट किसी नए चेहरे के लिए खोली गई है। कांग्रेस दोनों बार के पिछले नगर निगम चुनावों में भाजपा से मुकाबला नहीं कर पाई और हार का सामना किया। अब, नगर निगम क्षेत्र का विस्तार हो चुका है, जिससे कई नए वार्ड अस्तित्व में आए हैं। इन नए वार्डों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है और कुछ स्थानों पर उसकी पैठ भी बनी हुई है।

हालांकि, मेयर पद के लिए ओबीसी आरक्षण के बाद कांग्रेस के पास ऐसा कोई प्रभावशाली और दमदार चेहरा नहीं है जो भाजपा को चुनौती दे सके। हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र का सीमा विस्तार हो चुका है, और नए वार्डों के अस्तित्व में आने से चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। इन नए वार्डों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत बताई जा रही है, लेकिन मेयर पद के लिए कड़े मुकाबले की संभावना फिलहाल कम नजर आ रही है। दोनों दलों को अब नए चेहरे के साथ चुनावी मैदान में उतरने की जरूरत है, खासकर कांग्रेस को, जो अब तक चुनावी सफलता हासिल करने में विफल रही है।

हल्द्वानी नगर निगम चुनाव में ओबीसी आरक्षण के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों के सामने नए-नए सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा जहां अपने दमदार चेहरे की तलाश कर रही है, वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव नया संघर्ष हो सकता है, क्योंकि उसके पास ऐसे कोई चेहरे नहीं हैं जो भाजपा को टक्कर दे सकें।

### सोलर वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मुख्यमंत्री धामी ने सौर कौथिग मेले का पहली बार किया शुभारंभ

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहली बार सौर कौथिग का आयोजन किया गया। सीएम धामी ने सौर कौथिग का शुभारंभ किया।

प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहली बार सौर कौथिग ( ऊर्जा मेला) का आयोजन किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सौर कौथिग का शुभारंभ किया। सीएम धामी ने सोलर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 100 दिन तक पहाड़ के कोने-कोने तक वैन पहुंचेगी।

जो लोगों को सौर ऊर्जा परियोजना व इसमें मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी देगी। मौके पर वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, विधायक खजान दास, सीएम के सलाहकार विश्वास डाबर भी मौजूद रहे। मेले में देश-प्रदेश के करीब 50 सोलर प्रोजेक्ट पर काम करने वाली कंपनियों ने स्टॉल लगाए है। सौर कौथिग में उपभोक्ता सभी जानकारियां ले सकेंगे। सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के



लिए केंद्र व राज्य के स्तर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। हाल ही में पीएम सूर्यघर योजना शुरू हुई थी। अपने घर के ऊपर खुद बिजली पैदा करो और यूज करो।

उत्तराखंड में अब तक 28,000 आवेदन आ चुके हैं। 11,000 संयंत्र लग चुके हैं। 37 मेगावाट उत्पादन शुरू हो चुका है। वहीं, 2027 तक 2000 मेगावाट उत्पादन का लक्ष्य है। साथ में उद्योगों को भी नेट मीटर की सुविधा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में पहले तीन मेगावाट तक की योजना लग पाई। इस नीति में बदलाव के बाद 67 मेगावाट के प्रोजेक्ट लग चुके। 200 मेगावाट के आवेदन आए हैं। उत्तराखंड में सूर्य भगवान की असीम कृपा है, इसका हमें भरपूर उपयोग करना चाहिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सौर समृद्ध उत्तराखंड अभियान के अंतर्गत ये मेला अपने आप में विशिष्ट पहल है। अधिकाधिक घरों तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहे है। जीवाश्म आधारित ईंधन के स्रोत सीमित हैं जिससे पर्यावरण को भी नुकसान होता है, लेकिन सौर ऊर्जा का स्रोत असीमित है। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश मे 100 गीगावाट ऊर्जा का लक्ष्य रखा गया है।

# बोलेरो ने पति-पत्नी और दो मासूमों को कुचला, चारों की मौके पर मौत

मुरादाबाद
एजेंसी

दिल्ली हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े पति-पत्नी और दो बच्चों को कुचल दिया। इसमें चारों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित बोलेरो एक ट्रक से टकरा गई। इससे भारी जाम लग गया।

मुरादाबाद में दिल्ली हाईवे पर पाकबड़ा थाने के सामने बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चों को कुचल दिया। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित बोलेरो ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मंगलवार दोपहर बाद फुरकान (30) निवासी काशीपुर थाना गंज रामपुर अपनी पत्नी सीमा (28) और दो मासूम बच्चों के साथ सड़क किनारे खड़े थे। वह पैसे मांगकर अपना जीवन यापन करते थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने अचानक उन्हें कुचल दिया। टक्कर मारते ही चारों हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर आगे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद जोरदार आवाज सुनाई दी। इसे सुनकर थाने में काम कर रही पुलिस भी दौड़कर बाहर आई। ट्रक से टकराने के बाद बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया। मृतकों में फुरकान, उनकी पत्नी सीमा और दो बच्चे शामिल हैं। बोलेरो में सवार घायल देवेंद्र मिश्रा (सीतामढ़ी, बिहार) और सुनीता रानी (डिडौली, अमरोहा) को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद बुलेरो ट्रक में घुसकर फंस गई। तेज धमाका होने से आसपास के लोग घबरा इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने कार को क्रेन के माध्यम से हटवाया और घटनास्थल पर आवागमन को सुचारु किया। सीओ हाईवे कुलदीप कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना की असल वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि बोलेरो की गति काफी अधिक थी।पुलिस ने कार सवार घायलों से भी पूछताछ शुरू कर दी है। हादसे के कारण हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु करवाया। जाम के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पुलिस ने 10.60 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी पुलिस ने एक सफल अभियान में 10.60 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरशद पुत्र शाहिद निवासी नई बस्ती गोपाल मंदिर के पास थाना- वनभूलपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरशद को लक्ष्मी टाकीज के पास से गिरफ्तार किया गया था। जब पुलिस ने अरशद की तलाशी ली, तो उसके पास से 10.60 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरशद ने पुलिस को बताया कि उसने स्मैक मकी वारसी नामक व्यक्ति से खरीदी थी। पुलिस ने



आरोपी अरशद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरशद को अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि के बारे में पता चलता है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### भूमि लेन-देन में धोखाधड़ी, पीड़ित ने कमिश्नर से की शिकायत


**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के बड़ौन निवासी किशन सिंह चिलवाल ने कुमाऊँ कमिश्नर से शिकायत की है कि उन्हें जीवन सिंह पडियार नामक व्यक्ति ने भूमि लेन-देन में धोखाधड़ी से 22.50 लाख रुपये का चूना लगाया है। पीड़ित किशन सिंह चिलवाल ने बताया कि उन्होंने जीवन सिंह पडियार से एक भूमि का सौदा तय किया था, जिसमें उन्होंने 22.50 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। लेकिन जीवन सिंह पडियार ने उन्हें धोखा दिया और रजिस्ट्री नहीं कराई। पीड़ित ने कमिश्नर से निवेदन किया है कि जीवन सिंह पडियार को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनका पैसा वापस दिलाया जाए। पीड़ित ने यह भी बताया है कि उन्होंने इस मामले में कोतवाली हल्द्वानी में एफआईआर दर्ज कराई है।

# लोकसभा में एक देश-एक चुनाव विधेयक स्वीकार

नई दिल्ली
एजेंसी

लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ कराने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 जिसे एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक के रूप में जाना जाता है, इसे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पेश किया। इसके साथ ही राज्यसभा में संविधान पर चर्चा हुई।

एक राष्ट्र एक चुनाव पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ये लोग आरएसएस के एजेंडा को लागू करना चाहते हैं इसलिए हम लोग कहते हैं कि ये लोग संविधान विरोधी हैं। अभी ये कह रहे हैं कि %एक राष्ट्र एक चुनाव%, आगे कहेंगे %एक राष्ट्र एक पार्टी, फिर





कहेंगे कि एक राष्ट्र एक नेता क्या मतलब हुआ, बाद में पता चलेगा कि विधानसभा चुनाव की जरूरत ही नहीं है। ये बीजेपी के लोग वास्तविक मुद्दे पर बात नहीं करते हैं। कहते हैं कि इससे खर्चा बचेगा। तो पीएम मोदी कितना विज्ञापन में खर्चा करते हैं? वह चुनाव से ज्यादा विज्ञापन पर खर्चा करते हैं। वह 11 साल में विज्ञापन पर कितना खर्चा किए ये बता दें? जो बिहार में एक फेज में चुनाव नहीं करा सकता उससे क्या उम्मीद की जाए कि वह एक राष्ट्र एक चुनाव कराए। लोकसभा में एक देश एक चुनाव विधेयक स्वीकार कर लिया गया है। इसके लिए मतदान हुआ, जिसमें 269 वोट विधेयक के पक्ष में पड़े और 198 सांसदों ने विधेयक का विरोध किया। विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया है। मतदान के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर तीन बजे तक स्थगित कर दी गई।

# बी.डी. पांडे अस्पताल में स्वास्थ्य योजनाओं का लोकार्पण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत ने सोमवार को नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में स्वास्थ्य योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जिले मे दो सालों में 500 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने को दी गयी है जिसके बाद भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की जरुरत है।



इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जिला अस्पताल में190. 01 लाख के हल्द्वानी ट्रांजिट छात्रावास, बेतालघाट व हल्द्वानी में 50- 50 लाख ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट और 50 लाख की जिला इंट्रीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री योजना का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रही है। कहा कि हल्द्वानी अस्पताल को नए सिरे से बनानाए सेनोटेरियम में 56 करोड़ का मेंटल अस्पताल तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा हर ब्लाक में लैब और जिले में सीसीयू का निर्माण किया जाएगा। कहा कि मरीजों की सुविधाओं के लिए सिटी स्कैन मशीन जिला अस्पताल को दे रहे हैं। कहा कि अब तक सरकार की योजना के तहत 278 अस्पताल में 29 लाख की फ्र ी जांच हो चुकी है। जिसमें 90 लाख जांचे हुई हैं, बताया कि अब तक 12 लाख लोगों का आयुष्मान में इलाज हो चुका है। बच्चों की जांच फ्र ी की जा रही है। बताया कि राज्य में अब डाक्टरों की कमी नहीं है। बताया कि दो साल में सर्जनों के पद भी रिक्त नहीं रहेंगी। बताया कि जल्द ही विशेषज्ञ डाक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी। इस दौरान सुरेश स्वास्थ्य सलाकार समिति के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट समेत दिनेश आर्य दर्जा राज्य मंत्री, डीजी हैल्थ डॉ तारा आर्य, कुमाऊं मंडल के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. नर सिंह गुंज्याल, सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत, पीएमएस डॉ. टीके टम्टा, एसीएमओ डॉ. संजीव खर्कवाल, डॉ. द्रौपदी गर्वयाल,डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. मोनिका कांडपाल, डॉ. अनिरुद्ध गंगोला, डॉ वीके मिश्रा,डॉ. नरेंद्र रावत, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. सुधांशु, डॉ. प्रशांत ओली,डॉ. सुरेश सिसोदिया, डॉ. कोमल जोशी, सहायक नर्सिंग अधीक्षक शशि कला पांडे समेत भारती रस्तोगी, जानकी कनवाल,जंयती रावत, तृप्ति देऊपा, सीमा आर्य, अनुराधा, लता गुरुरानी,डीएस गंगोला, रीता तथा मृदुला,प्रीती, हेमा, तनुजा, ललित, मदन मेहरा व जितेश कुमार दीवान बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद थे।



# डा. हरीश बिष्ट का प्रशासक नियुक्त होने पर किया स्वागत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लाक के निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट का प्रशासक नियुक्त होने पर सोमवार को ब्लॉक कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। दूसरी ओर प्रशासक कार्यकाल का उन्होंने सोमवार को विधिवत रुप से पदभार ग्रहण किया। इस विशेष मौके पर निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासक नियुक्त करने पर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा पंचायत राज मंत्री सतपाल महाराज का धन्यवाद किया। निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख डॉ बिष्ट ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासक बनाए जाने से लोगों को अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे साथ ही चुने हुए व्यक्ति का पदभार चुने हुए व्यक्ति को देना एक ऐतिहासिक और स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाने वाला निर्णय है, इस ऐतिहासिक निर्णय से निश्चित ही ग्रामीणों के रुके हुए कार्य पूर्ण होगे साथ ही छोटी छोटी समस्याओं के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ता था अब निश्चित स्थान पर ग्रामीणों के कार्य हो जायेगे। इस अवसर पर निवर्तमान प्रधान प्रशासक हेमा आर्य, राधा कुल्याल, लता पलडिया, रजनी रावत, शशि चनियाल, कमला आर्य, जानकी चनियाल, विपिन जंतवाल, पूरन भट्ट, गणेश जोशी, पूरन लाल, हरगोविंद रावत, विनोद कुमार,कमल गोस्वामी, गोपाल भट्ट, अनिता प्रकाश,नवीन क्कीरा, वीरेंद्र मेहरा,कुंदन जीना, महेश भंडारी, गोबिंद राणा,प्रदीप कुमार, संजय कुमार तथा प्रेम कुल्याल व दुर्गा दत्त पलडिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निर्णय के आधार पर सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारी होंगे नियमित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ नैनीताल (कूटा) ने सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत के सोमवार को नैनीताल प्रवास के दौरान उनका स्वागत किया तथा उसके बाद ज्ञापन देकर निवेदन किया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए निर्णय लिया गया है जिसमें उच्च न्यायालय उत्तराखंड के निर्णय के आधार पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया है।

कूटा ने कहा कुमाऊं विश्वविद्यालय में कार्यरत संविदा तथा अतिथि शिक्षकों को इसका लाभ देते हुए नियमितीकरण करने की कार्यवाही प्रारंभ की जाय। कूटा ने ये भी कहा कि देश के अधिकतर विश्विद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुपालन में 57700 रुपया वेतन प्रतिमाह दिया जा रहा है परंतु राज्य के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 35000 रुपया प्रतिमाह दिया जा रहा है जो कि बहुत कम है जबकि जूनियर रिसर्च फेलोशिप भी इन प्राध्यापकों के वेतन से अधिक मिलती है, अत- इनके वेतन को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार किया जाए। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ.विजय कुमार आदि शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### अवैध रूप से दुकान से बाहर रखा सामान जब्त किया

**नैनीताल।** नगर पालिका नैनीताल की टीम ने सोमवार को न्यू पालिका मार्केट और ठंडी सडक़ से अवैध रूप से दुकान से बाहर रखा सामान जब्त किया। अतिक्रमण टीम प्रभारी कमल सिंह कटियार ने बताया कि न्यू पालिका मार्केट से एक लेडीज बैग, 6 कमीज, 4 पजामा तथा एक कॉफी मशीन तथा 2 पेटी कुल्हड़ तथा 28 पजामे जब्त किए वहीं ठंडी सडक़ से एक कॉफी मशीन और एक सिलेंडर जब्त किया। इस दौरान दिनेश रत्नाकर समेत विक्की सिलेलान व दिवाकर चौधरी, विकास टाक व महेश गैड़ा, सनी व रवि बहुगुणा आदि रहे।

### बनभूलपुरा दंगों के मुख्य साजिशकर्ता की जमानत पर सुनवाई कल

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा दंगें के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक सहित अब्दुल मोईद और जावेद की जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने सुनवाई जारी रखते हुए अगली सुनवाई 18 दिसम्बर (बुधवार) की तिथि नियत की है। खंडपीठ ने सरकार से कहा है तब तक चार्जशीट कोर्ट में पेश करें। सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा कि अब मामले में चार्जशीट दायर हो गयी इसलिए ये जमानत के लिए सेशन कोर्ट में जा सकते हैं जबकि मलिक की तरफ से कहा गया कि सेशन कोर्ट ने उनकी जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त की है इसलिए उनकी जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई उच्च न्यायलय में ही की जाय। मामले के अनुसार 8 फ रवरी 2024 को हल्द्वानी के बनभूपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन व पुलिस की टीम पर साजिश कर्त्ता सहित अतिक्रमणकारीयो व कई अन्य लोगो ने पथरावए आगजनी और गोलीबारी की। दंगे के दौरान दंगाईयो ने कई वाहनों सहित थाने को घेरकर गोलाबारी की। जिसमे कई लोगों की मौके पर मौत हो गयी और 100 से अधिक लोग घायल हुए। पुलिस की जाँच के बाद पुलिस ने 100 से अधिक दंगाईयो को गिरफ्तार किया जिसमें से एक आरोपी ये भी थे। जमानत प्रार्थनपत्र में यह भी कहा है कि जिस दिन यह घटना हुई वे वहाँ न होकर दिल्ली में थे। कहा कि जब अपराध किया ही नही तो झूठा मुकदमा किस आधार पर दर्ज किया गया इसलिए उन्हें जमानत दी जाय। आज उनकी जमानत प्रार्थनपत्र की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने की।

### पैराफिट से बाइक टकराने से एक युवक गंभीर

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी कॉलेज रोड में राजभवन के समीप देर रात पैराफिट से बाइक टकराने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार भूपेश आर्य अपनी बाइक पर राजभवन की ओर से मल्लीताल की ओर आ रहा था। अचानक ऑल सेंट स्कूल गेट के समीप बाइक का संतुलन बिगडऩे से पैराफि ट में जा टकराया और सडक़ से खाई में जा गिरा। खाई में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे विकास जोशी व भूपेंद्र ने घटना की सूचना मल्लीताल पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से भूपेश को रेस्क्यू कर खाई से निकालकर जिला चिकित्सालय बी डी पांडे लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि गंभीर हेड इंजरी होने की संभावना है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि युवक डीएसबी कैंपस का छात्र है जो द्वाराहाट का स्थायी निवासी है। नैनीताल में एक हॉस्टल में रहकर पढाई करता है।

### पर्यटकों व होटल कर्मियों के बीच विवाद

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में व्यवस्थाओं को लेकर पर्यटकों व होटल कर्मियों के बीच विवाद हो गया। होटल कर्मियों पर धक्का मुक्की का आरोप लगाते हुए पर्यटक कोतवाली पहुंच गए। जानकारी के अनुसार मल्लीताल स्थित एक होटल में नोएडा निवासी पर्यटक पति पत्नी ठहरे हुए थे। देर रात व्यवस्था ठीक नहीं होने पर पर्यटकों ने कमरा बदलने की मांग की। कमरा बदलने के बाद भी वह संतुष्ट नहीं हुए तो फिर कमरा बदलने की मांग की जिसके बाद होटल कर्मियों ने कमरा बदल दिया। कमरा बदलने के बाद भी पर्यटक संतुष्ट नहीं हुए तो उनके बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद होटल कर्मियों पर धक्का मुक्की का आरोप लगाते हुए पर्यटक कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने होटल कर्मियों को भी बुलाया। कोतवाली में भी दोनों पक्ष एक दूसरेबपर आरोप लगाते रहे। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में जांच कर होटल के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मस्जिद विवाद के मामले में सुरक्षा को लेकर अगली सुनवाई 24 को

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के भटवारी रोड स्थित सुन्नी समुदाय की मस्जिद विवाद के मामले में मस्जिद की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की । मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 24 दिसम्बर (मंगलवार) की तिथि नियत की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉक्टर कार्तिकेय हरि गुप्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि अभी भी वहां मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफ रत भरे भाषण दिए जा रहे हैं। एसपी व जिलाधिकारी भाषण देने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने में असफल हो रही है। मामले के अनुसार उत्तरकाशी के अल्पसंख्यक सेवा समिति ने इस मामले में याचिका दायर कर कहा है कि बीते 24 सितंबर से कुछ संगठनों के द्वारा भटवारी रोड स्थित सुन्नी सुमदाय की मस्जिद को अवैध बताकर उसे ध्वस्त करने की धमकी दी जा रही है। जिसकी वजह से वहां दोनों समुदाय में तनाव की स्थिति उतपन्न हो गयी है। इसलिए मस्जिद की सुरक्षा करने के आदेश राज्य सरकार की दीए जायँ। याचिका में आगे कहा गया यह मस्जिद वैध है। 1969 में जमीन खरीद कर बनाई गई। 1986 में वक्फ कमिश्नर ने इसका निरीक्षण किया और मस्जिद वैध पाई गई। इस तरीके के भडकाऊं बयान देना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यो को आदेश देकर कहा कि अगर किसी जाति धर्म या समुदाय के लिए भडकाऊं बयान का सहारा लिया जाता है तो राज्य सरकार सीधे मुकदमा दर्ज करें। नही करने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक इस मामले में किसी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही किया। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है।

# प्रांतीय अधिवेशन में पहुंचे सूबे के स्वास्थ्य मंत्री रावत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ उत्तराखंड की ओर से आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान चिकित्सकों ने उनके समक्ष कई समस्याओं को प्राथमिकता से रखा। इस दौरान चिकित्सकों की एक मांग पर स्वास्थ्य मंत्री डा.रावत ने कहा कि नैनीताल का बीडी पांडे जिला अस्पताल को दुर्गम श्रेणी में रखा जाएगा। प्रदेश भर से अधिवेशन में पहुंचे डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री के सामने सरकारी आवासों की समस्या रखी, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आवासों के लिए सरकार की ओर से पूरा बजट दिया जाएगा। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह रावत समेत डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने स्वास्थ्य मंत्री को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका स्वागत किया जिसके बाद विभिन्न जिलों से पहुंचे डॉक्टरों ने



अपनी समस्याएं स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखी। डॉक्टरों ने कहा कि राज्य भर में डॉक्टरों के लिए आवासों की उपलब्धता हो तो डॉक्टरों समेत मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों के आवासों के लिए पर्याप्त बजट देने की बात कही। वहीं डॉक्टरों की ओर से 108 सेवा की ओर से कई बार देरी होने की भी शिकायत की। वहीं कई सर्जन ने अस्पतालों में असिस्टेंट सर्जन की मांग की। इधर नैनीताल के डॉक्टरों ने बीडी पांडे अस्पताल को दुर्गम श्रेणी में रखने की मांग की। जिस पर स्वस्थ्य मंत्री ने कहा कि बीडी पांडे अस्साल को सुगम से दुर्गम श्रेणी में डाला जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. तारा आर्य, स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊं डॉ. नर सिंह गुंज्याल, सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत, प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ उत्तराखंड के अध्यक्ष मनोज कुमार, पीएमएस डॉ. टीके टम्टा, डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ हर्षवर्धन पंत समेत विभिन्न जिलों के डॉक्टर मौजूद रहे।

# अभिमत

## विमर्श की आवश्यकता

*वैज्ञानिक तथ्य यह है कि किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि 2.1 अनुपात से नीचे चली जाती है, तो उस समाज में असंतुलन की स्थिति हो जाती है, इसके बाद अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो जाता है और नष्ट हो जाता है। यह बात जनसंख्या विज्ञान के आधार पर है। इतिहास गवाह है कि अनेक समुदाय, भाषाएं और संस्कृति इसी वजह से विलुप्त हो चुकी हैं। आरएसएस के धुर विरोधी कथित बुद्धिजीवियों ने मोहन भागवत के बयान को साम्प्रदायिक जामा पहनाना शुरू कर दिया।*

जनसंख्या बढ़ना और घटना देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार विचार-विमर्श का विषय है। विश्व में परिवर्तन होते रहते हैं। किसी देश की आबादी बढ़ रही है तो किसी की कम हो रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में नवविवाहित भारतीयों को तीन बच्चे पैदा करने की सलाह दी। मोहन भागवत के बयान पर राजनीति के साथ अन्य क्षेत्र में बहस छिड़ गई। आरएसएस राष्ट्रवादी संगठन है। मोहन भागवत दलगत राजनीति से परे हैं। मोहन भागवत की बात पर इतिहास और वैज्ञानिक दृष्टि से चिंतन की जरूरत है। वैज्ञानिक तथ्य यह है कि किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि 2.1 अनुपात से नीचे चली जाती है, तो उस समाज में असंतुलन की स्थिति हो जाती है, इसके बाद अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो जाता है और नष्ट हो जाता है। यह बात जनसंख्या विज्ञान के आधार पर है। इतिहास गवाह है कि अनेक समुदाय, भाषाएं और संस्कृति इसी वजह से विलुप्त हो चुकी हैं। आरएसएस के धुर विरोधी कथित बुद्धिजीवियों ने मोहन भागवत के बयान को साम्प्रदायिक जामा पहनाना शुरू कर दिया। विपक्षी दलों के नेताओं ने सियासी मामला बनाने की कसरत शुरू कर दी। भारत में अविवेकपूर्ण और धार्मिक भेदभाव के तहत पांच दशक पहले जनसंख्या नियंत्रण का निर्णय लिया गया, जिससे सामाजिक, राष्ट्रीय और मानवीय संकट उत्पन्न हो गये। समुदाय विशेष की आबादी बढ़ती गई और उसे परिवार नियोजन नहीं अपनाने की छूट दी गई। अब भारत की आबादी विश्व में सर्वाधिक है, इससे पहले चीन सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश था। चीन, जापान, रूस समेत कई देशों ने जबरदस्ती जनसंख्या नियंत्रण का प्रयास किया, दुष्परिणाम सामने आने पर अब सुधार किया जा रहा है। चीन में हर दम्पति से एक बच्चा पैदा करने का कानून लागू था। अब चीन ने दो बच्चे पैदा करने का नियम बनाया है। भारत में लिव-इन रिलेशन के तहत रहने की अनुमति प्रदान की गई है, जिसे विकृत मानसिकता कहना उचित होगा। लिव-इन और कुछ अत्याधुनिक जोड़े एक भी बच्चा पैदा करना नहीं चाहते हैं। भारत सबसे युवा देश था। जीवन प्रत्याशा में सुधार से कुछ वर्षों में बुजुर्गों की संख्या बढ़ी है। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। एकल परिवार के कारण बुजुर्गों को अकेलेपन से जीवनयापन की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। एक जमाने में पश्चिमी देशों में युवा कम और बुजुर्ग अधिक हुआ करते थे, हालांकि वह स्थिति अब भी है और वहां वृद्धाश्रम की व्यवस्था है। भारत में वृद्ध कम थे। अब भारत में भी वृद्धाश्रम देखने को मिल रहे हैं।

# नैनीताल में आम आदमी पार्टी ने निकाली पदयात्रा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



आम आदमी पार्टी नैनीताल द्वारा नैनीताल में पदयात्रा कार्यक्रम किया गया। बता दें कि पदयात्रा पंत पार्क से प्रारंभ होकर मल्लीताल बाजार होते हुए रामसेवक सभा में जाकर संपन्न हुई।

सुबह से ही आप कार्यकर्ताओं का पंत पार्क में जमवाड़ा शुरू हो गया और पंत पार्क से पदयात्रा के रूप में मल्लीताल बाजार होते हुए सभी कार्यकर्ता राम सेवक सभा स्थल पहुंचे जहां पर एक सभा का आयोजन किया गया मल्लीताल बाजार में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिसमे की पार्टी ने निकाय चुनाव हेतु 16 गारंटी दी हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आप पार्टी प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कोटलिया ने कहा कि पूरे देश के राजनीतिक इतिहास में आम आदमी पार्टी ही एकमात्र पार्टी रही है जिन्होंने 10 साल की अल्पावधि में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्रति किया तथा दो राज्यों में सरकार बने अन्य राज्यों में भी आप पार्टी सफलता प्राप्त करते आई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप दुमका ने पार्टी द्वारा 16 घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी सभी वार्डो चेयरमैन का चुनाव नैनीताल में लड़ेगी परंतु उन्ही लोगों को पार्टी का चुनाव निशान दिया जाएगा जो कि ईमानदारी और वास्तव में समाजसेवी होंगे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। संचालन जिला मीडिया प्रभारी विनोद कुमार ने किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी, गंगा सिंह ,नईम अहमद, हरीश बिष्ट, संजय कुमार, रजनी, सचदेव, मोहन राम, हाई कोर्ट के अधिवक्ता दीपा, अधिवक्ता हेमा तथा गोपाल सिंह बोरा, मोहन चंद्र उपाध्याय, विक्रम कुमार, सुनील कुमार तथा विद्या देवी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता के घर ईडी का छापा, 18 गाड़ियों में पहुंची टीम




**देहरादून।** कांग्रेस नेता व प्रॉपर्टी डीलर राजीव जैन के घर में ईडी ने छापा मारा। करीब 18 गाड़ियों में ईडी और सीआईएसएफ की टीम राजीव जैन के घर पहुंची। मंगलवार सुबह चार बजे से राजीव जैन के घर पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। देहरादून के चमन विहार में कांग्रेस नेता व प्रॉपर्टी डीलर राजीव जैन के घर में ईडी ने छापा मारा।

करीब 18 गाड़ियों में ईडी और सीआईएसएफ की टीम राजीव जैन के घर पहुंची। मंगलवार सुबह चार बजे से राजीव जैन के घर पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान करोड़ों की जमीन के दस्तावेज और कुछ नकदी भी बरामद हुई है। राजीव जैन पूर्व सीएम हरीश रावत के करीबी रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजीव जैन पर करोड़ों के धन शोधन का मामला भी बन सकता है।

# वीआईपी ड्यूटी व पीएम ड्यूटी के चलते मरीजों को दिक्कत

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के डॉक्टरों की वीआईपी ड्यूटी व पीएम ड्यूटी लगने के चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें कि नैनीताल में सोमवार को वीआईपी कार्यक्रम के चलते बीडी पांडे अस्पताल के कई डॉक्टरों की वीआईपी ड्यूटी और रेडीयोलिस्ट की पीएम ड्यूटी लगने के चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को अस्पताल में सुबह से ही भीड़ लगी रही। वहीं मरीज पर्चा लेकर डॉक्टरों के कक्ष के चक्कर लगाते रहे। कई मरीज बिना दिखाए तो कई मरीजों को अन्य डाक्टरों को दिखाना पडा। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ टीके टम्टा ने बताया कि शहर में वीआईपी मूवमेंट होने के चलते बीडी पांडे अस्पताल से कई डॉक्टरों की ड्यूटी लगानी पडी जिसके चलते मरिजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# 2करोड़ 12 लाख 66 हजार रूपये की लागत से बनने वाले सड़क मार्ग का शिलान्यास

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय रुद्रपुर में पिछले करीब तीन वर्ष से लगातार विकास की गंगा बहने लगी है। जन इच्छा के अनुरूप विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे है।

विधायक शिव अरोरा ने अटरिया रोड़ पर कल्याणी नदी के पुल से लेकर करीब चार किलोमीटर आगे सिडकुल मोड़ तक राज्य योजना के अन्तर्गत लगभग 2करोड़ 12 लाख 66 हजार रूपये की लागत से बनने वाले सड़क मार्ग का शिलान्यास के दौरान सभा को संबोधित कर रहे। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण की मांग क्षेत्रवासी पिछले कई वर्षों से कर रहे थे। जिसका उन्होंने संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चर्चा की और प्रस्ताव बनाकर दिया। विकास पुरूष मुख्यमंत्री ने मार्ग निर्माण की स्वीकृति देने के साथ ही धनराशि भी अवमुक्त कर दी। आज इस सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जन इच्छा का सम्मान करते हुए कूड़े के पहाड़ को हटाया, पार्किंग की समस्या का हल किया। बाजार सहित समस्त क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

नजूल भूमि पर बसे करीब 3000 लोगों को मालिकाना हक दिया। जल्द ही जगतपुरा में भी शिविर लगाया जायेगा जिसमें नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए आवश्यक कार्रवाही कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ साथ जन समस्याओं का भी प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। विधायक अरोरा ने कल्याणी नदी पुल पर सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रीत ग्रोवर, सुरेश कोली, उपेन्द्र चौधरी, तरूण दत्ता, रमेश कालड़ा, राजेश कामरा, राजेश जग्गा, मयंक कक्कड़, फरजाना बेगम, रश्मि रस्तोगी, राजकुमार साहा, ममता गोलदार, योगेन्द्र उपाध्याय, बाबूराम राठौर, दीवान सिंह, राकेश अग्रवाल, विश्वनाथ शर्मा, लक्की कालड़ा, मनोज मदान, शेखर जुयाल, बबलू घई, ज्ञानप्रकाश मखीजा, नरेश उप्रेती, नितेश गुप्ता, शंकर विश्वास, विकास अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## नितिन और श्रीलीला को साथ देखने का इंतजार हुआ लंबा



*नितिन और श्रीलीला की आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म रॉबिनहुड को लेकर निर्माताओं ने एक अहम जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसे देखने के बाद नितिन और श्रीलीला के प्रशंसक थोड़ा निराश हो सकते हैं। साउथ अभिनेता नितिन और पुष्पा 2 द रूल में किसिक सॉन्ग से सभी का दिल जीत चुकीं श्रीलीला अब फिल्म रॉबिनहुड में नजर आएंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसको माइथ्री मूवी मेकर द्वारा निर्मित किया जा रहा है, लेकिन जहां यह फिल्म पहले अपनी निर्धारित तारीख पर रिलीज की जा रही थी, वहीं अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया हैंडल पर नई रिलीज डेट के लिए एक पोस्ट शेयर किया है। पुष्पा 2 द रूल के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर अब अपने अगले प्रोजेक्ट रॉबिनहुड के लिए कमर कस रहे हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट का नाम है रॉबिनहुड। इस फिल्म में नितिन और श्रीलीला रोमांस करते नजर आएंगे। लेकिन फिल्म निर्माताओं ने जहां इसकी रिलीज डेट पहले 25 दिसंबर, क्रिसमस पर रखी थी। अब उन्होंने इसे बदलने का फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में पहले रश्मिका मंदाना को लिया जा रहा था, लेकिन कुछ कारणों की वजह से अब इस फिल्म में मुख्य किरदार में श्रीलीला नजर आएंगी। ऐसा पहली बार है जब किसी फिल्म में नितिन और श्रीलीला की जोड़ी नजर आएगी।*

## एक्स पर माइथ्री मूवी मेकर्स को पोस्ट

*माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, %कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियाों की वजह से फिल्म रॉबिनहुड की रिलीज डेट 25 दिसंबर टाल दी गई है, जल्द ही इसकी जगह एक नई रिलीज डेट जारी की जाएगी। अपने एक्साइटमेंट को थामे रखें क्योंकि एंटरटेंमेंट देखने लायक होगा, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी तो आपका अनुभव भुलाने लायक नहीं होगा।*

# भाजपा व कांग्रेस को दमदार प्रत्याशी की तलाश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी में मेयर की सीट ओबीसी होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस को मेयर सीट के लिए दमदार प्रत्याशी की तलाश है।

हल्द्वानी की सीट ओबीसी होते ही व्यापारी नेता और पेशे से सुनार नवीन वर्मा का नाम तेजी के साथ उछला, इस बीच यह भी खबर आ गई कि नवीन वर्मा भाजपा में जाएंगे, इसके लिए दिन भी मुकर्रर हो गया। मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे भाजपा में जाने की तैयारी थी, लेकिन अचानक सुबह यह खबर आई कि अब नवीन वर्मा का भाजपा में जाना स्थगित हो गया है। सूत्रों के हवाले से यह भी खबर आ रही है कि पार्टी नेताओं के विरोध के चलते अभी एंट्री स्थगित कर दी गई है। इसके बाद से तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।



News कॉर्नर

### गृह क्लेश के चलते महिला ने दवाओं की ओवर लिया दूसरे ने चूहे मारने की दवा खाई

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल निवासी एक महिला ने गृह क्लेश के चलते दवाओं की ओवर डोज ले ली, वहीं मल्लीताल निवासी एक युवती ने भी चूहे मारने की दवा खा ली। हालत बिगड़ने के बाद बीडी पांडे जिला अस्पताल में दोनों को उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी एक 32 वर्षीय महिला ने घर में विवाद के चलते कई दवाओं की ओवर डोज ले ली। हालत बिगडने के बाद परिजन महिला को बीडी पांडे अस्पताल ले आए जहां उसको प्राथमिक उपचार देकर भर्ती किया गया है। वहीं मल्लीताल निवासी एक 20 वर्षीय युवती ने भी अज्ञात कारणों के चलते चूहे की दवा गटक ली। हालत बिगड़ने पर परिजन युवती को अस्पताल ले आए। डाक्टरों ने उपचार के बाद उसको भी भर्ती कर दिया है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि दोनों का स्वास्थ्य ठीक है। दोनों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

### 22 दिसम्बर को आपत्तियों एवं सुझावों पर सुनवाई की जायेगी

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद के नगर निगमों,नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2024 के सदस्य पदों के लिए वार्डो के आरक्षण एवं आवंटन के सम्बन्ध में आगामी 22 दिसम्बर को 10 बजे से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में आपत्तियों एवं सुझावों पर सुनवाई की जायेगी। जिलाधिकारी भदौरिया ने आवेदकों/आपत्तिकर्ताओं से कहा है कि वह आगामी 22 दिसम्बर, 2024 को सुबह 10 बजे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर आपत्तियों एवं सुझावों पर सुनवाई हेतु प्रतिभाग करें।

# जनपद भर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया शहीदों की स्मृति में विजय दिवस

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

16 दिसम्बर,1971 को भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहादत देने वाले देश के शहीदों की स्मृति में विजय दिवस जनपद भर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

मुख्य कार्यक्रम जनपद मुख्यालय पुलिस लाईन में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित हुआ। भारत-पाक युद्ध दौरान 1971 में जनपद के 9 वीर सपूतो ने अपने प्राणो का बलिदान दिया तथा 2 सैनिक युद्ध घायल हुए। कार्यक्रम में शहीद होने वाले जनपद के शहीद सूबेदार स्व रामदत्त, सिपाही उमेश सिंह, टीका राम, दिवानी नाथ, हीरा चन्द, आन सिंह, जोगा सिंह, हर सिंह, त्रिलोक सिंह के चित्र पर मुख्य अतिथि



विधायक शिव अरोरा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एयर मॉर्सल केडी सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, ओसी गौरव पाण्डेय, सीओ आरडी मठपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी एवं पूर्व सैनिको ने पुष्पचक्र व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। युद्ध में शहीदो के परिजन रेवती देवी, युद्ध में घायल सैनिक गोकुलानंद पाठक व युद्ध प्रतिभागी एयर मॉर्सल केडी सिंह को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आज उन वीर शहीदों को नमन करते है जिन्होने देश की आन-बान शान हेतु अपना सर्वस्त बलिदान कर दिया।हमारा प्रदेश वीर सैनिकों की भूमि है और सैनिक शान हैं। उन्होंने कहा कि 1971 में जो युद्ध हुआ था उस युद्ध मे हिन्दुस्तान की विजय हुई थी लेकिन उसमें हमारे अनेक सैनिक शहीद तथा घायल हो गये थे उनकी स्मृति के रूप में आज के दिन को हम विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। डीएम ने भी वीर सैनिकों को श्रद्धांजली देते व नमन करते हुए कहा कि हमें वीर सैनिकों के अदम साहस व उनके वीरता पर गर्व है हमे उनसे प्रेरणा लेनी चाहिये कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिये विजय दिवस के अवसर पर जनपद में शिक्षण संस्थाओं/क्रीड़ा विभाग ने 1971 भारत-पाक युद्ध/देश भक्ति से सम्बन्धित चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे चित्रकला में गुरूनानक बा.इ.का के भूमि सिंह प्रथम, रिचा द्वितीय व आ.ना.झा रा.इ.का के आमिर तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में आ.ना.झा. रा.इ.का. के सुमित कुमार प्रथम, गुरूनानक बा.इ.का. की कशिश द्वितीय व आ.ना.झा. रा.इ.का. के अर्पित सिंह तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी सुन्दर सिंह, वरिष्ठ प्रशासनीक अधिकारी प्रकाश चन्द्र माशीवाल, महेश चन्द्र भट्ट, पूर्व सैनिक भरत सिंह खत्री, सुनिल कुमार, सुदर्शन सिंह, गिरीश चन्द्र भट्ट, लक्ष्मण सिंह, रूप सिंह अधिकारी, अजय कुमार, खड्क सिंह कार्की, पवन रावत, गिरधर सिंह, हीरा सिंह कोरंगा समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंतनगर पहुंचे महामहिम राज्यपाल डीएम और एसएसपी ने किया स्वागत

पंतनगर
हमारे संवाददाता

प्रदेश के महामहिम राज्यपाल ले.जन.(सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंतनगर एयर पोर्ट पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस दौरान राज्यपाल ने जिलाधिकारी , एसएसपी,निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट से वार्ता कर जनपद में कानून व्यवस्था आदि की जानकारीया ली। इसके साथ ही उन्होंने पंतनगर एयरपोर्ट की विस्तारीकरण की भी जानकारी ली। डीएम ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण को 524 एकड़ भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को हस्तगत कर दी गई है तथा 103 एकड़ भूमि एनएचएआई



को सड़क शिफ्टिंग के लिए भी हस्तगत कर दी गई है। दोनों संस्थाओं में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विश्राम के बाद महामहिम राज्यपाल पंतनगर एयरपोर्ट से हवाईजहाज से दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

**जानकारी**

- राज्यपाल ने डीएम, एसएसपी, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट से वार्ता कर जिले की कानून व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं की जानकारियां ली

# नशे का सौदागर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, स्मैक समेत तमंचा बरामद

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

काशीपुर क्षेत्र में एसओजी काशीपुर एवं कोतवाली काशीपुर की संयुक्त चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाईक सवार को रोकने पर बाईक सवार ने पुलिस पर तमंचे से फायर किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में बाईक चालक को मुठभेड़ में दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान बाईक सवार दाहिने पैर पर गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम मुनाजिर पुत्र नसरत निवासी बाबर खेड़ा थाना कुंडा बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध स्मैक, तमंचा मय कारतूस बरामद किया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी काशीपुर अभय सिंह मौके पर पहुंचे। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ से पता चला कि इस पर पूर्व में भी कई मुकदमे हैं। इसके अलावा आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि टीम क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी। तभी संदिग्ध बाईक सवार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तभी बाईक ने पुलिस पर फायर कर दिया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्वाई की जा रही है। स्मैक कहां और कहां लेकर जा रहा। पुलिस इसकी जांच कर रही।



# राष्ट्रीय खेलों में दो हजार स्वयंसेवी करेंगे योगदान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में दो हजार स्वयंसेवी व्यवस्था संचालन में योगदान करेंगे। इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में आयोजित बैठक में 38वें राष्ट्रीय खेलों के संदर्भ में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. ए.एस. उनियाल ने व्यवस्था के बारे में निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि खेलों में उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वह अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करें। प्रदेश में युवाओं में नशे की लत पर चिंता जाहिर की। प्रत्येक चयनित स्वयंसेवकों को मान्यता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय खेल किट और आयोजन के दौरान उनकी समर्पित सेवाओं के लिए दैनिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। परिवहन सुविधा भी दी जाएगी। इसके साथ ही संयुक्त निदेशक प्रो. उनियाल ने छात्राओं को उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत चलाए जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का मौका मिला है। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी, रेंजर सहित अन्य छात्राओं के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाविप ने आयोजित किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम गौलापार स्थित वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शाखा संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं और सभी को प्रात: उनके चरण स्पर्श अवश्य करने चाहिएं। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने विद्यार्थियों को भारत विकास परिषद तथा उसके कार्य क्षेत्र से अवगत कराया। शाखा सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल द्वारा बच्चों को गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत विद्यालय की दो प्रगतिशील छात्राओं आकांक्षा लोशाली और दिशा जोशी को सम्मानित किया गया। विद्यालय की दो प्रमुख अध्यापिकाओं सीमा नेगी और भावना रावत को प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी तथा प्रकल्प संयोजिका डॉ. मोनिका मित्तल द्वारा शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विकल बवाड़ी, प्रधानाचार्य भावना बवाड़ी, संपूर्ण स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### असिस्टेंट प्रोफेसर अशोक ने की अध्यक्ष पद की दावेदारी



**नैनीताल।** नगर पालिका चुनाव के लिए डीएसबी परिसर में संगीत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार द्वारा अध्यक्ष पद के टिकट के लिए दावेदारी पेश की है। डॉ. अशोक ने कहा है कि वे बीते 20 वर्षो से पार्टी के सच्चे सिपाही के तौर पर कार्य कर रहे है।

# यूपी जल संस्थान को कार्यदायी संस्था के रूप में नियुक्त किया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर की मैट्रोपोल क्षेत्र में प्रस्तावित पार्किंग स्थल के निर्माण कार्य को लेकर शासन ने यूपी जल संस्थान को कार्यदायी संस्था के रूप में नियुक्त किया है।

पहले इस परियोजना की जिम्मेदारी लोनिवि के पास थी जिन्होंने 18.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया था। इस प्रस्ताव के तहत पार्किंग स्थल में 500 चारपहिया और 200 दोपहिया वाहनों को पार्क करने के लिए डिजाइन तैयार किया गया था।

बता दें कि यूपी जल संस्थान के अधिकारियों ने हाल ही में मैट्रोपोल पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया और परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने बताया कि डिजाइन में कुछ आवश्यक बदलाव किए जाएंगे और इस बदलाव के बाद डीपीआर में संशोधन किए जाएंगे। इस परियोजना के तहत पार्किंग सुविधा का निर्माण क्षेत्र में यातायात की समस्या को हल करने में मदद करेगा जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पार्किंग के लिए बेहतर विकल्प मिल सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही संशोधित डीपीआर को मंजूरी दी जाएगी और काम की शुरुआत की तारीख तय की जाएगी।

यह कदम जिले में यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि पार्किंग का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होगा।

# एएनटीएफ ने चैकिंग के दौरान स्कूटी सवार से 2 किलो 35 ग्राम चरस बरामद की

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एएनटीएफ यूनिट ने थाना ट्रांजिट कैंप में चैकिंग के दौरान बिना नंबर की स्कूटी सवार से तस्कर से चरस बरामद की।

तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। एएनटीएफ यूनिट प्रभारी राजेश पांडेय के नेतृत्व में टीम में शामिल एसआई कौशल भाकुनी टीम में शामिल हैड कांस्टेबल भुवन पाण्डे,कांस्टेबल विनोद खत्री,दिनेश चंद्र एएनटीएफ कार्यलय से गश्त के लिए निकले। टीम गश्त करते हुए ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में आनन्दपुर गंगापुर तिराहे पर पहुंची । यहां पर वाहनो की चैकिंग शुरू की। इसी दौरान बिना नंबर की एक स्कूटी



आनन्दपुर की तरफ से ट्रांजिट कैम्प की तरफ आते दिखाई दी। जिसका चालक पुलिस टीम को देखकर स्कूटी वापस मोड़कर भागने लगा। तभी उसकी स्कूटी रपट गयी । पुलिस ने पीछा कर उसे पकड लिया। पुलिस पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राहुल दास पुत्र गंगादास निवासी गोल गेट पंतनगर बताया। तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की से बैग बरामद हुआ। बैग में पन्नी रखी थी, जिसमें चरस बरामद हुई। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह चरस वह जवाहर नगर बिन्दुखत्ता निवासी व्यक्ति से लाया है। बरामद चरस का वजन कुल 2 किलो 35 ग्राम होना पाया गया। चरस की कीमत लाखों रूपये बताई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि तस्कर फुटकर में चरस बेचने की बताई। तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस उस व्यक्ति की तलाश कर रही , जिससे तस्कर चरस खरीद कर लाया है।

**मुकदमा**

- पूछताछ में बिंदुखत्ता से एक व्यक्ति से खरीद कर लाने की बात कबूल की